Exam. Code: 0006
**Sub. Code: 0507**

2061
B.A./B.Sc.(General)-6$^{th}$ Semester
**Hindi (Elective)**

Time allowed: 3 Hours. Max. Marks: 90

*नोट:— सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

-*-*-*-

प्रश्न—1: किसी एक विषय पर निबन्ध लिखें:—

(क) पुस्तक पढ़ने का शौक

(ख) स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन

(ग) सीमित आवश्यकताएं: सुखमय जीवन

(घ) प्रकृत्ति का प्रकोप

(ड.) रोजगार का संकट

(च) तुलसी का आदर्शवाद

(छ) हिन्दी पढ़ने के लाभ (20)

प्रश्न—2: (क) निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक की सन्दर्भ सहित व्याख्या करें:—

शहीदों के रक्त से उस सहरा के रजकण लाल हो उठते हैं, बच्चों की तड़प और अबलाओं की चीख से वातावरण थर्रा उठता है। इतनी बड़ी दर्दनाक घटना संसार के इतिहास में मिलना मुश्किल है। मुहर्रम उसी दिन का करुण स्मारक है।

अथवा

भ्रष्टाचार और सदाचार मनुष्य की आत्मा में होता है; बाहर से नहीं होता। विधाता जब मनुष्य को बनाता है तब किसी की आत्मा में ईमान का कल फिट कर देता है और किसी की आत्मा में बेईमानी की। इस कल में से बेईमानी या ईमान के स्वर निकलते हैं, जिन्हें 'आत्मा की पुकार' कहते हैं। आत्मा की पुकार के अनुसार ही आदमी काम करता है। (6)

(ख) 'भाभी' में व्यक्तित्व का चरित्र—चित्रण कीजिए।

अथवा

'अकेली' कहानी के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए। (10)

प्रश्न—3: किन्हीं दो विधाओं के उद्भव और विकास पर प्रकाश डालिए:—

नाटक, आत्मकथा, जीवनी, संस्करण। (2×12)

***P.T.O.***

प्रश्न–4: निम्नलिखित छन्दों में से किन्हीं तीन के लक्षण सोदाहरण लिखें:–

रोला, कुण्डलियाँ, सवैया, द्रुतविलंबित, उपेन्द्रवज्रा। (3×5)

प्रश्न–5: देवनागरी लिपि में सुधार लाने के लिए क्या–क्या प्रयत्न किए गए हैं?

अथवा

देवनागरी लिपि की व्युत्पत्ति एवं नामकरण के औचित्य पर प्रकाश डालिए। (10)

प्रश्न–6: किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने का निमंत्रण–पत्र तैयार करें।

अथवा

'मकान बिहाऊ है' विषय के विज्ञापन का प्रारूप तैयार करें। (5)

-*-*-*-